## एक नजर में



### नौ दिन नवकार आराधना में हजारों नवकार जाप

**उज्जैन।** जैन यूनिटी फोरम उज्जैन मुंबई द्वारा अवंती पार्श्वनाथ दादा के दरबार में आयोजित नौ दिन नवकार आराधना के दूसरे दिन सैकड़ों आराधकों ने हजारों नवकार जाप किये। संस्थापक मनोज सुराणा की प्रेरणा से विगत 15 वर्षों से पर्युषण पर्व पर आयोजित होने वाले नौ दिन नवकार जाप के साथ ही पारस इकतीसा, भक्तांबर स्त्रोत, चैत्यवंदन सहित धार्मिक गतिविधियां प्रतिदिन हो रही हैं। बुधवार को संपूर्ण लाभार्थी ललिता वैभव राखी जैन रहे। मंडल के उपहार के लाभार्थी मनोज अंजू सुराणा रहे। बंपर ड्रा चांदी का सिक्का रोशनी नारोलिया इंदौर को मिला। लक्की ड्रा डिजिटल तकनीक द्वारा धर्मेंद्र जैन द्वारा निकाला गया। 20 अगस्त का आकर्षण जयंत ज्योति बहु परिषद, राजेंद्र सुरी महिला मंडल नयापुरा, चन्दना बहु मंडल नयापुरा रहे। मंडलों का बहुमान अवंती पार्श्वनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज अंजू सुराणा, रमेश चोपड़ा, धर्मेंद्र साधना जैन, अनिल, तारा, ईशा, सोनल जैन, अशोक दर्डा, राजेश अनीता सोनी, प्रमोद पटवा, संतोष सालेचा, महेश मधु घुघरिया, अंकित अमीषा जैन, नवीन शीतल कोठारी, ललित, मनीषा, दिव्यांशी कोठारी, जिनेश सराफ, प्रदीप किरण नाहटा, जय जैन, पीयूष ज्योति चोरड़िया, संतोष कोठारी, अमित बाठिया उपस्थित रहे। यह जानकारी ग्रुप संयोजक अंजू मनोज सुराणा ने दी।



### निर्मित किए मिट्टी के श्री गणेश जी

**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के संयोजक एवं विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षीरसागर कन्या विद्यालय, कनीपुरा रोड, उज्जैन पर 20 अगस्त को एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 400 बालिकाओं ने अपने हाथों से मिट्टी के श्री गणेश जी का निर्माण कर यह संकल्प लिया कि इस वर्ष वे केवल मिट्टी से बने गणेश जी की ही पूजा करेंगी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगी। लोकमान्य तिलक महाआयोजन समिति के सह-संयोजक जगदीश पांचाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जहां कुशल प्रशिक्षक कैलाश सोनी एवं भारती वर्मा बालकों एवं बालिकाओं को मिट्टी से प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालयों में भी कार्यशालाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ ही वार्ड पार्षद बबीता घनश्याम गोड, अशोक केथवास, कपिल पाल, राजेश सेठी, शेखर माथुर, राजेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बारस पर गोपाल मंदिर में फोड़ी मटकी



**उज्जैन।** बछ बारस पर बुधवार को सिंधिया ट्रस्ट के प्रसिद्ध द्वारकाधीश गोपाल मंदिर में दोपहर 12 बजे मटकी फोड़ी गई। इसके लिए बच्चों को कृष्ण स्वरूप में सजाकर लाया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर 10 फीट ऊंची माखन, मिश्री से भरी मटकी बांधी गई थी जो उत्सव मनाकर फोड़ी गई। इसके बाद दिन में शयन आरती हुई। मंदिर के पुजारी पावन शर्मा ने बताया गोपाल मंदिर में परंपरा अनुसार पांच दिनी जन्माष्टमी पर्व मनाया जाता है। भगवान के जन्मोत्सव के बाद से यहां रात में शयन आरती नहीं की जाती है। क्योंकि भगवान शिशु होते है जो कभी जागते हैं तो कभी सोते हैं। इसलिए पांचवें दिन बारस पर भगवान मटकी फोड़ते हैं। इसके बाद दिन में शयन आरती कर उन्हें सुलाते हैं। इसके अगले दिन से रात की शयन आरती शुरू होती है। बारस पर महिलाओं ने मंदिरों, आश्रमों और गोशालाओं में गाय और बछड़ों का पूजन भी किया। घरों में मक्का और ज्वार के आटे की रोटी बनाई गई।

### सार्थक एप में कई विसंगतियां, सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** सार्थक एप के विरोध में बुधवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग को ज्ञापन सौंपा। जिसमें सार्थक एप के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के मामले में पुनर्विचार करने की मांग क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग से की गई। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, संभागीय सचिव संजय सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, कैलाश प्रजापत के नेतृत्व में एवं कुसुम ननोरिया, मंजू वर्मा, अंजलि लश्करी, सावित्री गौतम, कवि श्री, राजकुमारी तंवर, आशा देवड़ा आदि की विशेष उपस्थिति में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. दीपक पिप्पल को ज्ञापन सौंपते हुए अनुरोध किया कि राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार समूचे प्रदेश में सार्थक एप् के माध्यम से उपस्थिति विषयक निर्देश जारी किये गये है। जिसके तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने भी परिपत्र जारी कर अवगत करवाया है। इसमें अनेक विसंगतियां है जो कि दूर की जाना नितांत आवश्यक है। एमआर मंसूरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप से होने का जोर दिया जा रहा है। जबकि इस विभाग में फील्ड स्टाफ अधिक है, जो चलित इकाई है। जैसे बीएमओ, एचई, एनएमए, बीई, एमआई, बीपीएम, बीसीएम, एलएचव्ही, एमपीएस, सीएचओ, एएनएम, एमपी डब्ल्यू आदि है। जिनको अधिकांश कार्य फील्ड में मैदानी रूप से करना पड़ता है। जिसमें अनेक प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न हो रही है। जैसे नेटवर्क नहीं मिलना, लाईट का बंद होना सर्वर डाउन होना, वर्तमान में कुछ कर्मचारी की पेड मोबाईल चलाते है। लघु कर्मचारी बिना कम्प्यूटर दक्ष एवं तकनीकी अभाव का होना आदि प्रमुख समस्या होने से उपस्थिति अंकित करवाने में असुविधा एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यवहारिक कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए समस्त संगठनों के पदाधिकारियों से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर दोनों पक्षों की सहमति तक इस सार्थक एप के निर्णय को स्थगित कर इस पर रोक लगाई जाए।

### स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आज

**उज्जैन।** शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. ओ.पी. व्यास ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत आज 21 अगस्त गुरुवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। बाल रोग चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. गीता जाटव ने बताया कि शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन अवश्य करावें। प्रत्येक बालक-बालिका का रजिस्ट्रेशन शुल्क 50 रुपए निर्धारित है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है। उक्त जानकारी प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. ओपी व्यास तथा मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी है।

# शहर के आंतरिक चौड़ीकरण के कार्यों में अब आएगी गति, आयुक्त उतरे सड़कों पर

## चौड़ीकरण कार्य में रहवासियों का पूर्ण सहयोग मिल रहा, नागरिकों को नहीं होगी परेशानी, वीडी क्लॉथ मार्केट, तेलीवाड़ा चौराहा का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**उज्जैन। सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर 16 से अधिक आंतरिक मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है। हाल फिलहाल तीन चार मार्गों को खोला गया है जिसमें बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने वीडी क्लॉथ मार्केट, तेलीवाड़ा चौराहा का निरीक्षण किया।**

धार्मिक आयोजन की वजह से शहर के आंतरिक चौड़ीकरण के कार्य धीमी गति से चल रहे थे। वहीं नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक का तबादला होने एवं मिश्रा के आने के बीच का समय भी बीत गया अंतिम महाकाल सवारी के बाद अब नगर निगम के प्रचलित कार्यों में गति आई है।

बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वीडी क्लॉथ मार्केट से लेकर तेलीवाड़ा चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र के रहवासियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो आवागमन सुचारू हो, जल भराव एवं ड्रेनेज की समस्या ना हो। साथ ही कार्य के दौरान मलवा हटाए जाने का कार्य तत्काल करें

इधर उज्जैन शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर फ्लेक्स एवं होर्डिंग निगम अनुमति के बिना लगाए जा रहे हैं। जिसके कारण शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता प्रभावित होती है जिसके क्रम में बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में शहर में कार्रवाई करते हुए अवैध फ्लेक्स एवं होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा की गई साथ ही जिन संस्थाओं एवं व्यक्तियों के होर्डिंग्स पाए गए संबंधित के मोबाइल नंबर नोट करते हुए चालानी कार्रवाई भी की जाएगी।

वहीं उज्जैन में अंकपात मार्ग स्थित चौरिटेबल अस्पताल शीतला माता मंदिर के पास अवैध गुमटी को हटाने की कार्यवाही नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा की गई।



### जनता ने सहयोग किया अब हमारी बारी

नगर निगम आयुक्त ने चर्चा में कहा कि पूरे शहर में निर्माण कार्यों को तेज गति से किया जाएगा। जहां-जहां कार्य प्रगति पर है वहां निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं अफसरों को आयुक्त ने कहा कि जितना कार्य पूर्ण होता जा रहा है। नाली निर्माण का कार्य तीव्रता से करें, चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि क्षेत्र के नागरिकों को समस्या ना आने दी जाए। सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसमें क्षेत्र के रहवासियों द्वारा अपना सहयोग प्रदान करते हुए स्वयं द्वारा भी अपने मकानों को हटाने का कार्य किया गया है। साथ ही नगर निगम द्वारा क्षेत्र में नाली निर्माण एवं मलवा हटाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को समस्या ना हो और मार्ग चलायमान हो सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद पूनम मोहित जायसवाल, सहायक यंत्री साहिल मैदावाला एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# यात्री प्रतीक्षालय में मिली युवक-युवती की लाश

## प्रेम प्रसंग में घर से भागे थे, परिजन पहुंचे घटनास्थल

**उज्जैन।** बुधवार सुबह यात्री प्रतीक्षालय में युवक युवती को लोगों ने मृत अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से जहरीला पदार्थ और बाइक मिली। जांच में दोनों प्रेमी-प्रेमिका होना सामने आए। परिजनों के आने पर युवती की गुमशुदगी आलोट में दर्ज होना पाई गई।

बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम डाबरी स्थित यात्री प्रतीक्षालय में सुबह युवक युवती को कुछ लोगों ने मृत अवस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस जांच को सल्फास की डिब्बी और प्रतीक्षालय के बाहर बाइक खड़ी मिली। दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दी थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से दोनों की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। बाइक नंबर के आधार पर तलाश शुरू की गई। पता चला कि बाइक आलोट के ताल में रहने वाले सूर्यवंशी परिवार के नाम रजिस्टर्ड है। पुलिस ने सूर्यवंशी परिवार को मामले की सूचना दी। कुछ देर में ही मृतक युवक का नाम समरथ पिता राधेश्याम सूर्यवंशी 18 वर्ष निवासी खेतखेड़ी थाना ताल होना सामने आया, युवती रवीना पिता मनोहर लाल सूर्यवंशी 17 वर्ष ग्राम खामरिया थाना आलोट की रहने वाली थी। दोनों के परिजन बिरलाग्राम पहुंच गए थे। पुलिस के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होना सामने आया है। युवती की आलोट थाने में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। नाबालिग होने पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि रवीना मंगलवार दोपहर 1 बजे से लापता थी। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है और दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे हैं। प्रधान आरक्षक गोपाल चावला ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे उसके बाद आगे की जांच शुरू की जाएगी। फिलहाल इतना ही सामने आया है कि एक ही समाज के होने पर दोनों के बीच उसे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों परिवारों को उनके बीच का रिश्ता पसंद नहीं था। संभवत किसी के चलते उन्होंने घर से भाग कर अपनी प्रेम कहानी का अंत कर लिया।

### पेट्रोल से पिता का चेहरा जलाने वाले पुत्र को भेजा जेल

**उज्जैन।** कम भाव में प्याज बेचने पर सोमवार शाम पिता-पुत्र के बीच विवाद हो गया। पुत्र ने पिता पर पेट्रोल डाल दिया और लाइटर से आग लगा दी। पुलिस ने रातभर की तलाश के बाद मंगलवार को आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 18 अगस्त की शाम ग्राम जाफला में रहने वाली चंदाबाई हाड़ा 65 साल ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि पति भूरेसिंह हाड़ा 70 साल को पुत्र राजेन्द्रसिंह ने पेट्रोल डालकर जला दिया है। उनका चेहरा झुलसा है, पोती के साथ मिलकर कम्बल डालकर आग बुझाई। पुत्र जान से मारने की धमकी देकर भाग गया है। चंदा बाई की शिकायत पर जानलेवा हमले का प्रयास करने की धारा 118 (2) 296, 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया। झुलसे वृद्ध को मेडिकल परीक्षण के लिये अस्पताल भेजा। वही आरोपी पुत्र राजेन्द्रसिंह हाड़ा की तलाश कर 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि घटना वाले दिन सुबह राजेन्द्रसिंह 10 कट्टे प्याज के लेकर बदनावर मंडी गया था। शाम को घर आने पर पांच कट्टे वापस लेकर आया। वृद्ध पिता ने प्याज वापस लाने का कारण पूछताछ तो उसने भाव कम होने की बात कहीं। पिता ने फिर पांच कट्टे बेचने की वजह पूछी तो राजेन्द्र ने गाली-गलौच शुरू कर दी। पिता ने गाली देने से मना किया तो उसने प्लास्टिक की बोतल में भरा पेट्रोल चेहरे पर डालकर लाइटर से आग लगा दी। पुलिस के अनुसार आरोपी पुत्र को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# उज्जैन का बढ़ा मान, कलेक्टर को मिला सम्मान, सीएम ने स्वर्ण पदक किया प्रदान





**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इससे उज्जैन का गौरव भी एक बार फिर बढ़ गया है विदिशा कलेक्टर रहते हैं रोशन कुमार सिंह ने उल्लेखनीय कार्य किए थे। केंद्र और राज्य शासन के विशेष प्रयास से पूरे प्रदेश में 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक आकांक्षी जनपदों में अभियान चलाया गया था। इस विशेष अभियान में महिलाओं के स्वास्थ्य, आर्थिक सशक्तिकरण, पोषण, आहार तथा कृषि पर आधारित कारकों को शामिल किया गया था। जनपदों में चुने गए इंडिकेटर्स में शत प्रतिशत सेच्युरेशन की स्थिति में आने पर भोपाल कार्यक्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले तात्कालिक और वर्तमान दोनों कलेक्टर्स को बुलाया गया और मेडल्स के साथ स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र दिए गए। विदिशा कलेक्टर रहते हुए रोशन कुमार सिंह ने संपूर्णता अभियान के तहत बेहतर कार्य किए। वर्तमान में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को विदिशा जिले में उत्कृष्ट कार्य पर भोपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गोल्ड मेडल, स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

# जर्मनी के प्रतिनिधि मंडल ने किए महाकाल दर्शन, उद्योग की तलाश



**उज्जैन।** जर्मनी से उज्जैन यात्रा पर आए प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। यह प्रतिनिधि मंडल उज्जैन में उद्योग लगाने की तलाश में आया है। आपको बता दे कि पिछले दिनों जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी की यात्रा पर गए थे तो उक्त लोगों को उज्जैन आने का निमंत्रण देकर आए थे। प्रतिनिधि मंडल ने यहां आकर विक्रम उद्योगपुरी और स्मार्ट सिटी कार्यालय का भ्रमण किया व उद्योगों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधि मंडल ने भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका दुपट्टे से स्वागत कर प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवंबर 2024 में जर्मनी यात्रा पर गए थे। उन्होंने भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू के चलते प्रतिनिधि मंडल को उज्जैन में उद्योग की संभावनाएं तलाशने का अनुरोध किया था।

# गुम हुए 327 मोबाइल खोजकर पुलिस ने मालिकों को लौटाये



**उज्जैन।** जिले में मोबाइल चोरी के साथ गुम होने की शिकायतों पर पुलिस गंभीरता से संज्ञान ले रही है। एक बार फिर पुलिस ने 327 मोबाइल खोजकर उनके मालिकों को लौटाये।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि आईटी सेल, सायबर सेल और थाना पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गुम मोबाइल खोजने के अभियान लगतार चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक बार फिर जिले में गुम हुए 327 मोबाइल खोज लिये गये। जिन्हे बुधवार शाम पुलिस कंट्रोलरूम पर मोबाइल धारको को बुलाकर वापस लौटाये गये। महिनों बाद गुम मोबाइल मिलने पर उसके मालिको के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। उन्होने पुलिस का आभार मानते हुए कहा कि उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल दोबार मिल पायेगा। एसपी शर्मा ने बताया कि 327 मोबाइल की कीमत 61 लाख 10 हजार रुपए थी। यहीं नहीं पुलिस ने महाकाल सवारी के दौरान श्रद्धालुओं के गुम 93 मोबाइल भी तलाश कर उन्हे लौटाने का काम किया है। वर्ष 2025 में 625 मोबाइल खोज लिये गये है। इससे पहले वर्ष 2021 में 49, वर्ष 2022 में 292, वर्ष 2023 में 235 और वर्ष 2024 में 445 गुम मोबाइल खोजने में पुलिस सफल रही थी।

**शहर में झमाझम** — 3 से 4 दिन सक्रिय रहेगा मानसून, हवा की गति हुई कम

# लंबे अंतराल बाद 20 घंटे में 34 मिमी मीटर बारिश, तापमान में आई गिरावट

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। लंबे अंतराल के बाद मध्य प्रदेश में मानसून सक्रिय हो चुका है। जिसका फायदा धार्मिक नगरी उज्जैन को भी मिलता दिखाई दे रहा है। पिछले 20 घंटे में 34 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आगामी तीन-चार दिनों का अलर्ट जारी किया है।**

जून माह में समय से पहले आए मानसून को देख लगने लगा था कि इस बार काफी अच्छी बारिश होगी लेकिन जून-जुलाई के बीच पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम बारिश हुई और मानसून रुखसत हो गया।



जिसके चलते दिन रात के तापमान में तेजी आने लगी थी और जल संकट का खतरा मंडराने लगता था। जून माह में हुई बारिश के बाद किसानों ने खेतों का रुख कर लिया था। बारिश थमने से उनके माथे पर भी चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी। तभी आधा अगस्त बीतने के बाद बारिश के आसार बनना शुरू हो गए। पिछले दो दिनों से अच्छी बारिश हो रही है। मंगलवार बुधवार 20 घंटे के बीच 34 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को शाम ढलने के बाद कुछ देर झमाझम का नजारा दिखाई दिया था। उसके बाद रिमझिम बारिश बनी हुई थी। बुधवार के ऊपर एक बार फिर कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई और सड़क जलमगन दिखाई देने लगी। 20 घंटे में हुई बारिश के बाद अधिकतम तापमान में भी 3.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री पर आ गया था। मंगलवार बुधवार रात न्यूनतम तापमान भी 23 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी तीन से चार दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। आसमान में बादलों की आवाज ही बनी हुई है 21 और 22 अगस्त के बीच तेज बारिश हो सकती है।

### अब भी 16 इंच की जरूरत

शहर की औसतन बारिश का आंकड़ा 36 इंच पिछले 2 दिन में 4 इंच के लगभग बारिश दर्ज की गई है। जिसके चलते अब तक 20 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। स्थानीय वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार गुप्त के अनुसार अभी 16 इंच की जरूरत है उसके बाद औसतन आंकड़ा पूरा होगा। वर्षा कालका समय 15 सितंबर तक है और जिस तरह से मौसम विभाग में अलर्ट जारी किया है उसे देखते हुए शहर का औसतन आंकड़ा पूरा होने की उम्मीद है।

### नलों में उफान, निचली बस्ती वाले परेशान

दो दिनों से रुक रुक कर हो रही तेज बारिश के चलते नालों में उफान दिखाई दे रहा है। सड़के पूरी तरह से पानी से डूबी नजर आ रही है। गदा पुलिया, लाल मस्जिद चौराहा, ढाबा रोड क्षेत्र में दुकानदार और रहवासी पानी भरने से परेशान दिखाई दे रहे हैं। कुछ मार्गों पर सड़क चोडीकरण का कार्य भी चल रहा है। वहां भी बारिश का अपनी परेशानी बना हुआ है। तेज बारिश के बाद निचली बस्ती के लोग भी घरों में पानी भरने से मुसीबत में दिखाई दे रहा है।